# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीतापुर प्रथम पाली

प्रथम आवधिक परीक्षा 2024 - 2025

कक्षा= 7 विषय=हिन्दी

निर्धारित समय - 1:30 पूर्णांक =40

नोट= सभी प्रश्न अनिवार्य है।

प्रश्न 1: गद्यांशको ध्यानपूर्वक पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।1× 5=5

जिन्होंने मैदानों में ही इन नदियों को देखा होगा, उनके विचार में शायद ही यह बात आ सके कि बूढ़े हिमालय की गोद में बच्चियाँ बनकर ये कैसे खेला करती हैं? माँ-बाप की गोद में नंग-धड़ंग होकर खेलनेवाली इन बालिकाओं का रूप पहाड़ी व्यक्तियों के लिए आकर्षक भले ही न हो, लेकिन मुझे तो ऐसा लुभावना प्रतीत हुआ वह रूप कि हिमालय को ससुर और समुद्र को उसका दामाद कहने में कुछ भी झिझक नहीं होती है।

1. लेखक समुद्र को हिमालय का दामाद क्यों कहता है?
(क) क्योंकि वह समुद्र का रिश्तेदार है (ख) अन्त में सभी नदियां समुद्र से मिल जाती है
(ग) समुद्र विशाल है इसलिए (ख) उपरोक्त सभी
2. हिमालय की गोद में खेलने वाली बच्चियाँ कौन हैं?
(क) बर्फीली चोटियाँ (ख) वहाँ से निकलने वाली नदियाँ
(ग) छोटी-छोटी पहाड़ियाँ (घ) हरी-भरी घाटियाँ
3. लेखक को कौन-सा रूप आकर्षक रूप लगा?
(क) मैदान में बहने वाली नदियों का (ख) हिमालय की गोद में खेलती बच्चियों का
(ग) पहाड़ी आदमियों का। (घ) हरी-भरी घाटियों का
4. लेखक को किस बात की झिझक नहीं होती?
(क) हिमालय पर जाने में (ख) पहाड़ी लोगों से मिलने में
(ग) नदियों में। नहाने में (घ) हिमालय और समुद्र का रिश्ता जोड़ने में
5. समुद्र का पर्यायवाची है -
(क) जल। (ख) अम्बर (ग) जलधि (घ) कोई नहीं

प्रश्न 2:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए।1× 5=5

(1)संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?
i.सर्वनाम ii.क्रिया iii.विशेषण iv.अवयव
(2)“मोहन काली कमीज पहनकर स्कूल आया।” इस वाक्य में कमशः ‘विशेषण’ कौन से शब्द है?
i.काली ii.मोहन। iii.कमीज iv.स्कूल
(3)निम्नलिखित में से कौन सा शब्द जातिवाचक संज्ञा है?
i.बचपन ii.लड़का iii.मिठास। iv.हरियाली
(4)धरती का पर्यायवाची शब्द है
i.सरसी ii.चंचला। iii.पृथ्वी iv.गगन
(5) "राम ने मुझे पुस्तक दी।" वाक्य में ' पुस्तक ' है -
i. संज्ञा ii. सर्वनाम iii. विशेषण iv.क्रिया

प्रश्न 3:-निम्नलिखित शब्दों का उनके विलोम शब्द से मिलान करिए - 1/2× 4=2

| | |
|---|---|
| राजा | तीखा |
| अंधकार | आकाश |
| धरती | प्रकाश |
| मीठा | रंक |

प्रश्न 4:- रिक्त स्थान की पूर्ति करिए -1×4=4

(सत्तावन मुरलियाँ, गगन, उबली, स्वतंत्र)

1. हम पंछी उन्मुक्त _____ के।
2. कठपुतली की मुख्य इच्छा ____होने की थी |
3. कठपुतली गुस्से से ___ |
4. बच्चों को समझाते हुए मुरलीवाला बोलता है इस समय उसके पास एक – दो नहीं बल्कि पूरी ____ हैं।

प्रश्न 5:- सत्य तथा असत्य वाक्य पहचानिए - 1× 4=4

i. कठपुतली खुशी से उबल पड़ी।( )

ii. मिठाई वाला बच्चों से बहुत प्रेम करता था। ( )

iii. पंछी पिंजरे में रहना पसंद करते थे। ( )

iv. लेखक ने समुद्र को दामाद कहा है।( )

प्रश्न 6:- निम्नलिखित प्रश्नों में से पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2× 5=10

i.कठपुतली को गुस्सा क्यों आया?

ii.पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं?

iii.हर तरह की सुख सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते ?

iv.विजय बाबू एक ग्राहक थे और मुरलीवाला एक विक्रेता। दोनों अपने-अपने पक्ष के समर्थन में क्या तर्क पेश करते हैं?

v. मिठाईवाले में वे कौन से गुण थे जिनकी वजह से बच्चे तो बच्चे, बड़े भी उसकी ओर खिंचे चले आते थे?

vi. नदियों को मन माने की परंपरा हमारे वहां बहुत पुरानी है लेकिन लेखक उन्हें और किन-किन रूपों में देखा है?

प्रश्न 7:- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2× 3=6

i. आठवें पुत्र को नदी में बहाने से राजा के रोकने पर गंगा ने क्या किया?

ii. केवटराज ने सत्यवती के विवाह के लिए राजा से क्या वचन मांगा ?

iii. महाभारत की कथा किसकी देन है?

प्रश्न 8:- फीस माफी हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए। 4× 1=4

अथवा

निम्न में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए - 1. मेरा विद्यालय। 2. मेरी मां